बिहार सरकार

# वित्त विभाग


# बजट 2025—26 का संक्षिप्त परिचय

वर्ष—2025

# I. बिहार बजट 2025–26 की आर्थिक रूप–रेखा

राज्य सरकार की कुशल नीतियों और समुचित क्रियान्वयन के फलस्वरूप राज्य की अर्थव्यवस्था में तेजी से उछाल दर्ज किया है। वर्ष 2023–24 में देश के राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में बिहार तीसरा सबसे तेजी से आर्थिक प्रगति करने वाला राज्य है। बिहार का आर्थिक वृद्धि दर वर्ष 2023–24 में 9.2 प्रतिशत रहा, जो संपूर्ण भारत के आर्थिक वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत से अधिक है। स्थिर मूल्य पर बिहार का सकल राज्य घरेलू उत्पाद का आकार वर्ष 2004–05 के 0.78 लाख करोड़ रुपये से बढ़ कर वर्ष 2023–24 में 4.65 लाख करोड़ रुपये हो गया है। पिछले दो दशक में लगभग 6 गुणी वृद्धि हुई है। यदि वर्तमान मूल्य पर देखे तो राज्य के अर्थव्यवस्था के आकार में 2004–24 के बीच लगभग 11 गुणी वृद्धि हुई है तथा यह 2004–05 के 0.78 लाख करोड़ से बढ़ कर वर्ष 2023–24 में 8.54 लाख करोड़ रुपये हो गया है।

## बिहार की अर्थव्यवस्था एवं प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि




राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकता सतत् एवं तीव्र विकास दर को हासिल करना है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए राज्य के बजट में वर्तमान मूल्य पर 2023–24 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 14.5 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि दर आकलित किया गया है, जो 8.54 लाख करोड़ रुपये है।

पुनः वर्ष 2024–25 में 14.3 प्रतिशत वृद्धि के फलस्वरूप 9.77 लाख करोड़ रुपये तथा वर्ष 2025–26 में 12.4 प्रतिशत वृद्धि के परिणामस्वरूप 10.97 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

वर्ष 2023–24 में वर्तमान मूल्य पर राज्य सकल घरेलू उत्पाद 8,54,429 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 2024–25 में 9,76,514 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2025–26 में 10,97,264 करोड़ रुपये अनुमानित है।

बिहार का आर्थिक परिदृष्य




# II. बिहार बजट 2025–26 का राजकोषीय अभिविन्यास

## राज्य की वित्तीय प्रबंधन की स्वरूप


**राजकोषीय घाटाः** वर्ष 2023–24 में राज्य का राजकोषीय घाटा सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 4.17 प्रतिशत है। राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 में राजकोषीय घाटा को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात में 2.98 प्रतिशत रखा गया है, जो बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन अधिनियम द्वारा निर्धारित अधिसीमा 3.0 प्रतिशत के अन्दर है। पुनः वित्तीय वर्ष 2025–26 के बजट में भी राजकोषीय घाटा को जी.एस.डी.पी. के 3.0 प्रतिशत के अन्दर रखा गया है।

राजकोषीय घाटा का सकल राज्य घरेलू उत्पाद से अनुपात





**राजस्व अधिशेषः** राजकीय वित्तीय संतुलन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वर्ष 2025–26 के बजट में 8,831 करोड़ रुपये का राजस्व अधिशेष अर्जित होने का अनुमान है। यह राशि राज्य के सार्वजनिक निवेश को अतिरिक्त बढ़ावा देगा एवं राज्य की आधारभूत संरचना को मजबूत करेगा। वर्ष 2023–24 के 2,833 करोड़ रुपये के राजस्व अधिशेष तथा वर्ष 2024–25 के बजट में 1,121 करोड़ रुपये का राजस्व बचत होने का अनुमान है। यह राज्य के राजकोषीय सुधार पथ की ओर अग्रसर होने का प्रमाण है।

राजस्व बचत (करोड़ रुपये में)




**ब्याज भुगतान का कुल राजस्व प्राप्ति में हिस्साः** वित्तीय प्रबंधन सूचकांक में ब्याज भुगतान का राजस्व प्राप्ति से अनुपात एक महत्वपूर्ण सूचक है। इसलिए वित्त आयोग ने भी इस सूचक को अपनी अनुशंसा में शामिल किया है। ब्याज भुगतान को राजस्व प्राप्ति के 10 प्रतिशत की सीमा में रखना एक बेहतर वित्तीय प्रबंधन का परिचायक है। बिहार का ब्याज भुगतान वर्ष 2023–24 में राजस्व प्राप्ति का 9.11 प्रतिशत था। यह अनुपात वर्ष 2024–25 के लिए 9.05 प्रतिशत आकलित है तथा बजट 2025–26 के लिए 8.82 प्रतिशत अनुमानित है।





## III. ऋण प्राप्ति की रूपरेखा


वर्ष 2025–26 के बजट में सार्वजनिक ऋण (राजकोषीय घाटा) को सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 3 प्रतिशत के अधिसीमा में रखा गया है । राजकोषीय संतुलन का एक अतिमहत्वपूर्ण कारक कुल बकाया ऋण का नियंत्रण में होना है । वर्ष 2025–26 के लिए पंद्रहवें वित्त आयोग ने बिहार के लिए कुल बकाया ऋण को सकल राज्य घरेलू उत्पाद के अनुपात का 39.3 प्रतिशत की सीमा में रखने की अनुशंसा दी है । इस अधिसीमा को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने कुल बकाया ऋण को सकल राज्य घरेलू उत्पाद का 37.04 प्रतिशत आकलित किया है । राज्य लगातार इस अनुपात को कम करके वित्तीय सुधार के पथ पर आगे बढ़ रहा है । जहाँ यह अनुपात वर्ष 2023–24 में 38.94 प्रतिशत था, जो वर्ष 2024–25 के बजट अनुमान में 37.07 प्रतिशत रखा गया, वही वर्ष 2025–26 के बजट में इसे 37.04 प्रतिशत अनुमानित किया गया है। वर्ष 2025–26 में कुल 55,737.79 करोड़ रुपये का लोक ऋण लेने का अनुमान है, जिसे पूंजीगत मद में निवेशित कर राज्य के सर्वांगीण विकास को तेज करने का लक्ष्य है । इससे समाज के हर वर्ग लाभान्वित होंगे तथा राज्य में खुशहाली आयेगी ।




# बिहार में राजस्व संग्रहण का स्वरूप





राजस्व प्राप्तियाँ (करोड़ रुपये में)





पूंजीगत प्राप्तियाँ (करोड़ रुपये में)





राजस्व प्राप्तियाँ (2025–26) (करोड़ रुपये एवं प्रतिशत में)





पूंजीगत प्राप्तियां (2025–26) (करोड़ रुपये एवं प्रतिशत में)




# बिहार में सार्वजनिक व्यय की प्राथमिकताएँ




## बिहार में सार्वजनिक व्यय की प्राथमिकताएँ




## ऋण प्राप्ति की रूपरेखा



| महत्वपूर्ण वार्षिक स्कीम 2025–26 की विवरणी | | |
|---|---|---|
| | | (राशि लाख रु० में) |
| क्रम सं० | स्कीम का नाम | उपबंधित राशि |
| 1 | समग्र शिक्षा | **893921.00** |
| 2 | राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम(मनरेगा) | **539200.00** |
| 3 | एनआरएचएम सहित अर्बन स्वास्थ्य मिशन एवं राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन | **533164.87** |
| 4 | प्रधानमंत्री आवास योजना | **532000.00** |
| 5 | मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना | **337813.00** |
| 6 | सक्षम आंगनवाड़ी पोषण–2.0 | **288899.92** |
| 7 | स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा में मानव संसाधन | **277500.00** |
| 8 | राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन(एन०आर०एल०एम०) | **263815.00** |
| 9 | सर्व शिक्षा अभियान के केन्द्रांश मद में प्राप्त कम राशि की राज्य संसाधन द्वारा पूर्ति (समग्र शिक्षा) | **250000.00** |
| 10 | सबके लिए आवास (शहरी) | **235509.96** |
| 11 | सिंचाई सृजन परियोजनायें | **222929.97** |
| 12 | त्वरित सिंचाई लाभ तथा बाढ़ प्रबंधन कार्य (ए०आई०बी०पी०) तथा जल संसाधन के अन्य कार्यक्रम | **189305.00** |
| 13 | प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी०एम०जी०एस०वाई०) | **187500.00** |
| 14 | प्राथमिक विद्यालय भवन | **175100.00** |
| 15 | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना | **162188.00** |
| 16 | मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजना | **160000.00** |
| 17 | स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) | **151423.00** |
| 18 | प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (पी०एम० पोषण) | **146665.00** |
| 19 | छात्रवृत्ति/वजीफा | **146103.00** |
| 20 | सड़क निर्माण (एशियन विकास बैंक सम्पोषित) | **144074.00** |
| 21 | मुख्यमंत्री पेय जल निश्चय योजना | **141400.00** |
| 22 | शहरी पुनर्नवीकरण मिशन | **140700.00** |
| 23 | पुल निर्माण | **140000.00** |

| महत्वपूर्ण वार्षिक स्कीम 2025–26 की विवरणी | | |
|---|---|---|
| | | (राशि लाख रु० में) |
| क्रम सं० | स्कीम का नाम | उपबंधित राशि |
| 24 | मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना | **137200.00** |
| 25 | हर खेत तक सिंचाई का पानी–सात निश्चय–2 | **130000.00** |
| 26 | वृहद सड़कें | **116276.99** |
| 27 | मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना | **116193.00** |
| 28 | राजकीय एवं राजकीयकृत माध्यमिक विद्यालयों के भवन निर्माण | **100100.00** |
| 29 | बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम | **100000.00** |
| 30 | ग्राम विकास की परियोजना (नाबार्ड सम्पोषित) | **99100.00** |
| 31 | माध्यमिक शिक्षा निदेशालय | **97717.00** |
| 32 | पीएम श्री | **97200.00** |
| 33 | बाढ़ नियंत्रण परियोजनायें (कार्य) | **97000.00** |
| 34 | प्राथमिक शिक्षा निदेशालय | **95000.00** |
| 35 | पर्यटकीय संरचनाओ का विकास एवं जीर्णोद्धार | **81100.00** |
| 36 | मध्याहन भोजन योजना | **80285.00** |
| 37 | केन्द्रीय सड़क निधि | **80000.00** |
| 38 | ग्राम न्यायालयों सहित न्यायपालिका हेतु अवसंरचना सुविधाओं का विकास | **75250.00** |
| 39 | स्वच्छ भारत मिशन–2 | **73698.00** |
| 40 | राजकीय उच्च विद्यालय के भवन | **64500.00** |
| 41 | मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना | **60000.00** |
| 42 | आँगनबाड़ी सेवायें | **59909.36** |
| 43 | आयुष्मान भारत–राष्ट्रीय स्वास्थ्य सुरक्षा मिशन | **58200.04** |
| 44 | स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम | **55349.96** |
| 45 | ग्रामीण जलापूर्ति योजना | **55200.00** |
| 46 | राज्य के विश्वविद्यालयों का विकास | **55000.00** |
| 47 | एन०एफ०एस०ए ० अन्तर्गत खाद्यानों के अन्तर राज्ये हथालन एवं फेयर प्राइस शॉप डीलर मार्जिन | **50665.00** |

| महत्वपूर्ण वार्षिक स्कीम 2025–26 की विवरणी | | |
|---|---|---|
| | | (राशि लाख रु० में) |
| क्रम सं० | स्कीम का नाम | उपबंधित राशि |
| 48 | अन्य आवास | **50000.00** |
| 49 | मुख्यमंत्री युवा महिला उद्यमी योजना–सात निश्चय–2 | **50000.00** |
| 50 | प्री–प्रोडक्सन एवं पोस्ट प्रोडक्सन सुविधाओं की योजना | **50000.00** |
| 51 | पंचायत सरकार भवन | **49412.99** |
| 52 | महादलित विकास हेतु | **49293.00** |
| 53 | पुलिस भवनों का निर्माण एवं संधारण | **45503.99** |
| 54 | साउथ बिहार पावर डिस्टीब्यूशन कम्पनी लि0 की परियोजना | **45500.00** |
| 55 | प्रौढ़ शिक्षा | **45000.00** |
| 56 | बिहार स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी लि0 | **43000.00** |
| 57 | स्मार्ट सिटी मिशन | **42000.00** |
| 58 | नार्थ बिहार पावर डिस्टीब्यूशन कम्पनी लि0 की परियोजना | **40400.00** |
| 59 | शिक्षा का विकास | **40199.00** |
| 60 | बिहार कौशल विकास मिशन– सात निश्चय–2 | **39676.00** |
| 61 | बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर | **39600.00** |
| 62 | राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन | **39414.91** |
| 63 | स्टेडियम एवं खेल संरचना । | **37300.00** |
| 64 | अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय | **35598.00** |
| 65 | सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्य का पुनरीक्षण | **34389.96** |
| 66 | अनूसूचित जाति के भवन | **34200.00** |
| 67 | प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना | **33426.00** |
| 68 | राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान | **33042.00** |
| 69 | बिहार राज्य फसल सहायता योजना | **32637.40** |
| 70 | मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ी जाति उद्यमी योजना | **31000.00** |
| 71 | आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास भवनों के निर्माण एवं जीर्णोंद्धार | **30225.00** |

| महत्वपूर्ण वार्षिक स्कीम 2025–26 की विवरणी | | |
|---|---|---|
| | | (राशि लाख रु० में) |
| क्रम सं० | स्कीम का नाम | उपबंधित राशि |
| 72 | इन्टेंसिफायड फील्ड डेवलपमेंट एण्ड ट्रेनिंग सपोर्ट नई योजना | **30000.00** |
| 73 | मुख्यमंत्री (इण्टर उत्तीर्ण) प्रोत्साहन योजना–सात निश्चय–2 | **30000.00** |
| 74 | भवन | **29950.00** |
| 75 | सांस्कृतिक संरचना (मांग संख्या–03 में उपबंधित) | **28500.00** |
| 76 | इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना | **28080.04** |
| 77 | छात्रवृत्ति / वजीफा | **27283.00** |
| 78 | पूरक पोषाहार | **26493.63** |
| 79 | बिहार स्टेट पावर टांसमिशन कम्पनी लि0 की परियोजना | **26184.00** |
| 80 | बिहार राज्य विकलांगता सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना | **25200.00** |
| 81 | उद्यान विकास योजना | **25000.00** |
| 82 | राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (जल–जीवन मिशन) | **25000.00** |
| 83 | स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण – सात निश्यच 2 | **25000.00** |
| 84 | मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना | **23600.00** |
| 85 | राष्ट्रीय कृषि विकास योजना / राष्ट्रीय वानिकी मिशन | **23254.65** |
| 86 | पर्यटकीय विकास | **22500.00** |
| 87 | प्रधानमंत्री सुक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएम एफएमई) | **22500.00** |
| 88 | लक्ष्मी बाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना | **21912.00** |
| 89 | बीज गुणन फर्मों का विस्तार खेती पर व्यय / बीज उत्पादन कार्यक्रम | **20300.00** |
| 90 | योजना तंत्र का सुदृढ़ीकरण | **20000.00** |
| 91 | मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता योजना | **20000.00** |
| 92 | पुलिस प्रशासन एवं ढांचागत सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन हेतु | **20000.00** |
| 93 | सीमा क्षेत्र में नदी प्रबंधन गतिविधि एवं कार्य | **20000.00** |
| 94 | सर्वेक्षण और खोज (स्थापना) | **20000.00** |
| 95 | मुख्यमंत्री (स्नातक उत्तीर्ण) प्रोत्साहन योजना–सात निश्चय–2 | **20000.00** |


| महत्वपूर्ण वार्षिक स्कीम 2025–26 की विवरणी | | |
|---|---|---|
| | | (राशि लाख रु० में) |
| क्रम सं० | स्कीम का नाम | उपबंधित राशि |
| 96 | स्वच्छ गांव–निश्चय – 2 कार्यक्रम | **20000.00** |
| 97 | सात निश्चय–2 सुलभ संपर्कता | **20000.00** |
| 98 | जल–जीवन–हरियाली (नाबार्ड सम्पोषित) | **19700.00** |
| 99 | विशेष सहायता (बी०आर०जी०एफ० पथ) | **19574.00** |
| 100 | खेल–कूद | **19500.00** |
| 101 | पोलिटेकनिक भवन (निश्चय) | **19500.00** |
| 102 | बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी | **19206.78** |
| 103 | पोलिटेक्नीक / इंजीनियरिंग / तकनीकी महाविद्यालय | **18916.00** |
| 104 | अतिरिक्त सम्पर्कता– सात निश्चय 2 | **17500.00** |
| 105 | मातृत्व लाभ योजना (सामर्थ्य) | **17375.20** |
| 106 | नया औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना | **17000.00** |
| 107 | इंजीनियरिंग / तकनीकी महाविद्यालय और संस्थाओं के लिए भवनें | **16484.00** |
| 108 | इन्फ्रास्ट्रेक्चर मेन्टेनेन्स | **16200.00** |
| 109 | परिवहन के लिए शहरी स्थानीय निकायों | **16000.00** |
| 110 | जल–जीवन–हरियाली | **15900.00** |
| 111 | औषधीय पौधों संबंधी मिशन सहित राष्ट्रीय आयुष मिशन | **15701.00** |
| 112 | सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर मेकानाइजेशन | **15501.75** |
| 113 | राष्ट्रीय पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम | **15148.00** |
| 114 | अल्पसंख्यकों के लिए बहुक्षेत्रक विकास कार्यक्रम | **15100.00** |
| 115 | केन्द्रीय / मंडल / उप काराओं एवं अन्य भवनों के निर्माण हेतु | **15000.00** |
| 116 | प्रखण्ड के भवन निर्माण (मांग संख्या–03 में उपबंधित) | **15000.00** |
| 117 | पशु संसाधनों का विकास एवं पशु स्वास्थ्य प्रबंधन (सात निश्चय–2) | **15000.00** |
| 118 | सब्जी आधारित सहकारी समितियों को प्रोत्साहन | **15000.00** |

| महत्वपूर्ण वार्षिक स्कीम 2025–26 की विवरणी | | |
|---|---|---|
| | | (राशि लाख रु० में) |
| क्रम सं० | स्कीम का नाम | उपबंधित राशि |
| 119 | अधिप्राप्ति कार्य हेतु प्रबंधकीय अनुदान | **15000.00** |
| 120 | गोदाम निर्माण हेतु सहकारी समितियों को अनुदान | **15000.00** |
| 121 | मुख्यमंत्री विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना | **15000.00** |
| 122 | स्वास्थ्य केन्द्रों का जीर्णोद्धार सात निश्यच 2 | **15000.00** |
| 123 | हर खेत तक सिंचाई का पानी–सात निश्चय–2 | **14900.00** |
| 124 | नीली क्रांति–समेकित विकास एवं मत्स्य पालन के प्रबंधन (प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना–2020–21)(पीएमएमएसवाई) | **14628.00** |
| 125 | मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना | **14408.00** |
| 126 | औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के भवनों का निर्माण/पुनर्निर्माण/उन्नयन | **14324.00** |
| 127 | लोहिया स्वच्छता योजना–2 –सात निश्चय–2 | **14200.00** |
| 128 | प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना | **12950.25** |
| 129 | हर खेत तक सिंचाई का पानी–सात निश्चय–2 | **12500.00** |
| 130 | अभियंत्रण महाविद्यालय | **12500.00** |
| 131 | अभियंत्रण महाविद्यालय–भवन (निश्चय) | **12500.00** |
| 132 | राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान | **12300.00** |
| 133 | कृषि नवीनता में प्रोत्साहन | **12200.00** |
| 134 | पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति (पी०एम० यशस्वी) | **12000.01** |
| 135 | शिक्षक प्रशिक्षण संस्थानों का भवन एवं जीर्णोद्धार | **12000.00** |
| 136 | मशीनों का आद्युनिकीकरण | **12000.00** |
| 137 | न्यायाधीशों का आवास | **11600.00** |
| 138 | पेय जलापूर्ति योजना | **11500.01** |
| 139 | हवाईअड्डे | **11500.00** |
| 140 | बिहार शताब्दी एड्स पीड़ित कल्याण योजना | **11500.00** |
| 141 | अस्पताल औषधालय तथा अन्यान्य स्थापना | **11500.00** |
| 142 | मेडिकल कॉलेज अस्पताल | **11000.02** |

| महत्वपूर्ण वार्षिक स्कीम 2025–26 की विवरणी | | |
|---|---|---|
| | | (राशि लाख रु० में) |
| क्रम सं० | स्कीम का नाम | उपबंधित राशि |
| 143 | मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना | **11000.00** |
| 144 | प्राकृतिक वनों का विकास | **11000.00** |
| 145 | कृषि बाजार का विकास(नाबार्ड) | **10900.00** |
| 146 | नेशनल ई–गवर्नेंस प्लान–कृषि | **10395.00** |
| 147 | राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन | **10350.60** |
| 148 | क्षेत्रीय प्रचार–योजना | **10188.00** |
| 149 | एल०डब्लू०ई० जिलों के लिए | **10146.00** |
| 150 | मिशन शक्ति | **10020.63** |
| 151 | दीनदयाल जन आजीविका योजना–शहरी | **10000.03** |
| 152 | काराओ के संयंत्र हेतु | **10000.00** |
| 153 | अग्निशामक उपकरणों का क्रय | **10000.00** |
| 154 | बाढ़ सुखाड़ की आपातकालीन योजना | **10000.00** |
| 155 | आंगनबाड़ी केन्द्र भवन (सिडबी) | **10000.00** |
| 156 | सतत् जीविकोपार्जन योजना | **10000.00** |
| 157 | अपरम्परागत ऊर्जा स्रोत | **10000.00** |
| 158 | नाली निर्माण एवं मल निकासी के लिये शहरी स्थानीय निकायों के लिए सहायक अनुदान | **10000.00** |
| 159 | मत्स्य संपदा (सात निश्चय–2) | **10000.00** |
| 160 | इको पर्यटन एवं पार्क का विकास | **10000.00** |
| 161 | प्राकृतिक वन क्षेत्र के बाहर वानिकी | **10000.00** |
| 162 | बिहार लघु उद्यमी योजना (सिडबी) | **10000.00** |
| 163 | बिहार राज्य अल्पसंख्यक वित्तीय निगम के हिस्सा पूँजी के रूप में | **10000.00** |
| 164 | खाद्य भंडार गोदामों का निर्माण | **10000.00** |
| 165 | ग्रामीण टोला सम्पर्क निश्चय योजना | **10000.00** |
| 166 | नये चिकित्सा महाविद्यालय एवं पारा मेडिकल संस्थान हेतु | **10000.00** |
| 167 | डॉ०ए०पी०जे० अब्दुल कलाम साईंस सिटी | **10000.00** |

## वित्तीय वर्ष 2025–26

### रुपया कहाँ से आता है




### रुपया कहाँ जाता है

